न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट बांदीकुई (दौसा)

PH.-01420-228487 E-Mail:-sdo-ban-dau-rj@nic.in

प्रकरण संख्या :–270/2021
प्रकरण निर्णय दिनांकः–16.08.2023

उनवान– कजोडमल वगै. बनाम राज. सरकार

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट नक्शा ट्रेस दुरूस्ती बाबत

मुकदमा नं.–270/2021 सन्–2021

निर्णय दिनांक 16.08.2023

प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट पेश किया कि प्रार्थीगण की खातेदारी कब्जा काश्त भूमि वाके रामा बडा बास भाण्डेडा तह. बसवा जिला दौसा में स्थित है जिसके खसरा नं. 194, 248 लगायत 251, 253, 725/252 कुल किता–07 कुल रकबा 0.88 हैक्ट. है। उक्त भूमि मुतदाविया का न्यायालय हाजा के द्वारा दिनांकः 16.03.2017 को सामलाती भूमि का विधिवत तकास्मा कर प्रार्थीगण के हक में उक्त भूमि न्यायालय हाजा के आदेश से मिली उसके पश्चात जब राजस्व कर्मचारियों द्वारा पूर्व नक्शा ट्रेस में स्थित भूमि खसरा नं. 725/252 में गलती कर नये नक्शा ट्रेस में 725/252 व 726/252 नये नंबर अंकित कर दिये जबकि पूर्व नक्शा 11/12/2017 के अनुसार उक्त नक्शे में केवल एक ही नम्बर 725/252 दर्ज रिकार्ड में था लेकिन राजस्व कर्मचारियों ने सहवन से उक्त भूमि के दो नम्बर 725/252 व 726/252 अंकित कर दिये जिन्हे दुरूस्त किया जाना न्यायोचित है। अतः निवेदन है कि नक्शा वर्तमान नक्शा शीट में जो नम्बर 725/252 व 726/252 दर्ज किये गये हैं उनको दुरूस्त किया जाकर पूर्व नक्शा शीट 11/12/2017 के नक्शे शीट के अनुसार 725/252 की दर्ज कर नक्शा सीट को दुरूस्त करने के आदेश प्रदान करने की कृपा करे।

प्रकरण दर्ज रजिस्टर कर तलबी अप्रार्थी विधिवत नोटिस जारी कर की गई। प्रकरण के संबंध में पटवारी हल्का भाण्डेडा एवं भू. अ. निरीक्षक बॉदीकुई से जॉच रिपोर्ट दिनांकः 27.05.2023 प्राप्त हुई। हमने प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी वकील को सुना। प्रार्थना पत्र एवं संलग्न दस्तावेजात राजस्व जमाबंदी संवत 2074–77 ग्राम बडाबास खाता सं. नया 110 पुराना 100, नक्शा ट्रेस दिनांकः 11.12.2017, नक्शा ट्रेस दिनांकः 30.11.2021 एवं पटवारी हल्का भाण्डेडा एवं भू. अ. निरीक्षक बॉदीकुई जॉच रिपोर्ट दिनांकः 27.05.2023 का अवलोकन किया। दस्तावेजात अवलोकन से प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः प्रार्थीगण प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल.आर.एक्ट स्वीकार किया जाकर आदेश दिया जाता है कि ग्राम बडाबास वर्तमान नक्शा शीट में जो नम्बर 725/252 व 726/252 दर्ज किये गये हैं उनको दुरूस्त किया जाकर पूर्व नक्शा शीट दिनांकः 11/12/2017 के नक्शे शीट के अनुसार 725/252 को दर्ज कर नक्शा सीट को दुरूस्त किया जावे। तहसीलदार बॉदीकुई तदनानुसार राजस्व रिकार्ड में विधिवत अमल दरामद करना सुनिश्चित करे। पालना हेतु तहसीलदार बॉदीकुई को तहरीर जारी हो। पत्रावली फैसलशुमार होकर बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। निर्णय आज दिनांक 16.08.2023 को लिखा एवं सुनाया जाकर हस्ताक्षरित किया गया।

निर्णय सुनाया गया।

(नीरज कुमार मीणा)
उपखण्ड अधिकारी
बांदीकुई

उपखण्ड अधिकारी
आर.ए.एस.
बांदीकुई (दौसा)

Scanned with CamScanner